प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
06.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

मुख्य समाचार''

- मुख्यमंत्री ने 52 चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए शिमला से किया रवाना– 15 जनवरी तक देश के कई स्थानों का करेंगे दौरा।
- राज्य बिजली बोर्ड लिमिटिड में डिजिटल सुधारों से तीन वर्षों में प्रदेश को 16 करोड़ 83 लाख का होगा लाभ।
- विकसित भारत–जी राम जी योजना को मंडी जिला के लोगों ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती में बताया ऐतिहासिक फैसला
- कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता कुलदीप राठौर ने अमेरिका के फ्री ट्रेड एग्रीमेंट के कारण हिमाचल के सेब बागवानों को नुकसान का जताया अंदेशा।
- प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बर्फबारी व निचले इलाकों में कोहरे से शीतलहर बढ़ी।

चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश के तीन बाल देखभाल संस्थानों में रह रहे 52 चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट को एक विशेष शैक्षणिक भ्रमण पर आज शिमला से रवाना किया। मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के तहत ये बच्चे 15 जनवरी तक देश के विभिन्न शहरों और ऐतिहासिक, सांस्कृतिक व शैक्षणिक स्थलों का भ्रमण करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा इन बच्चों को यात्रा करवाने का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक विरासत, आधुनिक बुनियादी ढांचे और शैक्षणिक संस्थानों से परिचित करवाना है। यात्रा कार्यक्रम के तहत ये बच्चे चंडीगढ़– दिल्ली– आगरा– गोवा– चंडीगढ़ का भ्रमण करेंगे। इस दौरान बच्चों को विभिन्न आधुनिक परिवहन साधनों का अनुभव भी करवाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को बच्चों की सुरक्षा, सुविधा और देखभाल में किसी प्रकार की कोताही न बरतने के निर्देश दिए। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री

इस बीच मुख्यमंत्री ने शिमला में कहा है कि राज्य विद्युत् बोर्ड लिमेटिड में पारदर्शी ख़रीद प्रक्रिया अपनाने और मंहगी आउटसोर्सिंग पर निर्भरता कम करने से तीन वर्षों में राज्य को 16 करोड़ 83 लाख रूपए की बचत होगी। उन्होंने कहा कि बोर्ड की बिजली बिलिंग और एंटरप्राइज रिर्सोस प्लानिंग

सहायता सेवाओं पर होने वाला खर्च 46 प्रतिशत तक कम हुआ है और इन सेवाओं पर वार्षिक खर्च 12 करोड़ .29 लाख रुपये से घटकर 6 करोड़ 68 लाख रुपये रह गया है। इन सुधारों से प्रतिवर्ष लगभग 5 करोड़ 61 लाख रुपये की सीधी बचत होगी।

अग्निहोत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि प्रदेश सरकार राज्य पथ परिवहन निगम को ई–मोबिलिटी की दिशा में सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत्त है। उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में एचआरटीसी के बेड़े में 2 सौ 97 नई इलेक्ट्रिक बसें शामिल की जा रही हैं। अग्निहोत्री ने कहा कि पहली प्रोटोटाइप इलेक्ट्रिक बस हैदराबाद से सोलन पहुंच गई हैं और आगामी दो दिनों में सोलन–शिमला मार्ग पर इस ई–बस का ट्रायल किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि ट्रायल के बाद प्रदेश के अन्य मार्गों और एचआरटीसी के विभिन्न डीपुओं में भी चरणबद्ध ढंग से इलेक्ट्रिक बसों के ट्रायल शुरू किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रिक बसों के सुचारू संचालन को लेकर प्रदेश भर में चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर भी विकसित किया जा रहा है।

जी राम जी

विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण विधेयक–2025 को केंद्र सरकार ने हाल ही में स्वीकृति प्रदान की है। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय वर्ष में रोजगार के दिवस सौ दिन से बढ़ाकर एक सौ 25 दिन किए गए हैं। मंडी जिला के हमग्राम गांव के लोगों ने जी राम जी योजना को ऐतिहासिक फैसला बताते हुए कहा कि इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

चंद्र कुमार

कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने विभागीय अधिकारियों को जन समस्याओं को प्राथमिकता के साथ गंभीरता से लेकर उनका त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए हैं। वे आज कांगड़ा जिला के ज्वाली में उपमंडल स्तरीय विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। चंद्र कुमार ने बताया कि पी.एम.जी.एस.वाई योजना के तीसरे चरण के तहत ज्वाली विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रूपए की लागत से सड़कों के उन्नयन का कार्य किया जा रहा है। बैठक के दौरान जिन परियोजनाओं में फंड की कमी पाई गई उनके लिए उन्होंने ज़रूरी दिशा–निर्देश भी जारी किए।

कुलदीप राठौर

कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता कुलदीप सिंह राठौर ने कहा है कि अमेरिका के राष्ट्रपति द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर की गई टिप्पणीयों के बावजूद केंद्र सरकार की चुप्पी चिंताजनक है। आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि अमेरिका रूस से कच्चा तेल खरीदने पर भारत पर पाबंदियों का दबाव बना रहा है। कुलदीप राठौर ने फ्री ट्रेड एग्रीमेंट का मुद्द उठाते हुए कहा कि

न्यूजीलैंड से सेब आयात शुल्क 50 प्रतिशत से घटाकर 25 प्रतिशत करना सेब बाहुल्य राज्यों के लिए नुकसानदेय है। उन्होंने कहा कि अमेरिका भी इसी तरह का दबाव बना रहा है, जिससे हिमाचल के सेब बागवानों पर संकट गहराने की आशंका है।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम आमतौर पर साफ रहा, मगर ठंडी हवाएं चलने और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर बाद दोपहर हल्की बर्फबारी होने से ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। प्रदेश के 5 स्थानों पर न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया गया और मैदानी क्षेत्रों में सुबह शाम कोहरा पड़ने से शीतलहर जारी है। लाहौल स्पीति के ताबो में आज न्यूनतम तापमान माइनस 10 दशमलव 8 जबकि कुकुमसेरी में माइनस सात दशमलव एक और शिमला के नारकंडा में माइनस 2 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी का अनुमान जताया है वहीं, निचले व मैदानी क्षेत्रों में अगले 24 घंटों में घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है।

शिविर

फसलों में कीटव्याधी की समस्या के निपटारे के बारे में कृषि उद्यान विभाग के अधिकारियों को जागरूक करने के उद्देश्य से आज सोलन में एक माह का प्रशिक्षण शिविर आरंभ हुआ। शिविर का शुभारंभ भारत सरकार में वनस्पति संरक्षण सलाहकार जे.पी. सिंह ने किया। केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में प्रदेश के 11 जिलों के कृषि व उद्यान विभाग के अधिकारी हिस्सा ले रहे हैं।

मुख्य समाचार एक बार फिर''

- मुख्यमंत्री ने 52 चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए शिमला से किया रवाना– 15 जनवरी तक देश के कई स्थानों का करेंगे दौरा।
- राज्य बिजली बोर्ड लिमिटिड में डिजिटल सुधारों से तीन वर्षों में प्रदेश को 16 करोड़ 83 लाख का होगा लाभ।
- विकसित भारत–जी राम जी योजना को मंडी जिला के लोगों ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती में बताया ऐतिहासिक फैसला
- कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता कुलदीप राठौर ने अमेरिका के फ्री ट्रेड एग्रीमेंट के कारण हिमाचल के सेब बागवानों को नुकसान का जताया अंदेशा।
- प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बर्फबारी व निचले इलाकों में कोहरे से शीतलहर बढ़ी।